# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 20.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)

हजारीबाग के उरीमारी स्थित न्यू बिरसा कोल डिपो में बीती रात उग्रवादियों ने एक सीसीएल कर्मी को गोली मार दी। गोली सीसीएल कर्मी के पैर में लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, निर्माण कार्य में लगी जेसीबी मशीन में आग लगा दी और कई वाहनों में तोड़–फोड़ भी की। जानकारी के अनुसार लेवी नहीं मिलने के कारण उग्रवादियों ने इस वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद उग्रवादियों ने पांच राउंड गोलियां भी चलाई। इस घटना के बाद पुलिस ने दस संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है।

उधर छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र स्थित अंड्री जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 24 नक्सली मारे गए हैं जबकि एक जवान शहीद हो गया। जानकारी के अनुसार दोनों तरफ से गोलीबारी जारी है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि मुठभेड़ स्थल से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद के साथ नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गये हैं, क्षेत्र में मुठभेड़ के साथ ही सर्चिंग अभियान जारी है।

********************

श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के सचिव जितेन्द्र कुमार सिंह ने आज मुख्यमंत्री सारथी योजना कौशल प्रशिक्षण केन्द्र का दौरा किया। उन्होंने कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और मेस क्षेत्र का निरीक्षण किया, साथ ही प्रशिक्षण सेवा प्रदाताओं के कर्मचारियों से बातचीत की। निरीक्षण के दौरान वे प्रशिक्षुओं से भी मिले। उन्होंने कार्यस्थलों पर स्वास्थ्य की जांच करने के लिए वर्चुअल कॉल के जरिये नियोजित उम्मीदवारों से बातचीत भी की।

********************

साहिबगंज महाविद्यालय में बीएड की पढ़ाई की मान्यता रद्द करने के फैसले के विरोध में आदिवासी छात्रावास के छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया और गेट पर तालाबंदी की। छात्र नेताओं ने बताया कि साहिबगंज महाविद्यालय में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, इसके अलावे 10 सूत्री मांगों को लेकर यह आंदोलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर बीएड की मान्यता रद्द होती है तो अनिश्चितकालीन तालाबंदी की जायेगी।

********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने अधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव समर्पित रहने का संदेश दिया। राज्यपाल ने कहा कि राज्य के विकास के लिए बहुत कार्य करने होंगे। उन्होंने अधिकारियों को राज्य की जनजातीय आबादी के उत्थान के प्रति विशेष संवेदनशीलता और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी।

********************

आज मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की पुण्यतिथि है। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखण्ड के महान नेता तथा संविधान सभा में आदिवासी समाज के हक–अधिकार की आवाज उठाने वाले स्वर्गीय जयपाल सिंह मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

********************

पलामू जिले में ई–केवाइसी नहीं होने के कारण छह लाख से अधिक उपभोक्ताओं को राशन उठाव में परेशानी हो सकती है।

********************

दुमका के सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय की ओर से 23 और 24 मार्च को जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन किया जाएगा। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देश पर होने वाले इस कार्यक्रम में दुमका, पाकुड़ और साहिबगंज जिले के 150 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक प्रो धनंजय मिश्र ने बताया कि इस बार के युवा संसद का विषय **एक देश– एक चुनाव** है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रदर्शन के आधार पर 10–10 चित्रों का चयन राज्य स्तरीय युवा संसद के लिए होगा।

********************

गुमला जिले में पुलिस ने अवैध नशापन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ब्राउन शूगर के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस की टीम ने बताया कि जिले में अवैध नशापान के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

********************

जामताड़ा जिले के सामाजिक संगठनों एवं खेल प्रेमियों की पहल से गांधी मैदान में दस दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू हुआ। आयोजन समिति के अध्यक्ष विपिन दुबे ने कहा कि युवाओं एवं छात्र–छात्राओं में खेल प्रतिभा को निखारने एवं मंच देने का प्रयास किया जा रहा है।

****समाप्त****